दृष्टि The Vision

drishti

# GENERAL STUDIES (Test–11)

| | | |
|---|---|---|
| निर्धारित समय: तीन घंटे<br>Time allowed: Three Hours | DTVF/22 (J-A)–M–**GSM (M-I)-2211** | अधिकतम अंक: 250<br>Maximum Marks: 250 |

**Name:** हेमेन्द्र सिंह **Mobile Number:** ____________

**Medium (English/Hindi):** ____________ **Reg. Number:** ____________

**Center & Date:** ____________ **UPSC Roll No.** ***(If allotted)*****:** ____________

## प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***

*इसमें बीस प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*

*प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and **ENGLISH**.*

*All the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

*केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए (To be filled by Evaluator only)*

| Question Number | Marks | Question Number | Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | |
| 2. | | 12. | |
| 3. | | 13. | |
| 4. | | 14. | |
| 5. | | 15. | |
| 6. | | 16. | |
| 7. | | 17. | |
| 8. | | 18. | |
| 9. | | 19. | |
| 10. | | 20. | |
| Grand Total ( सकल योग ) | | | |

____________

मूल्यांकनकर्त्ता ( हस्ताक्षर )

*Evaluator (Signature)*

____________

पुनरीक्षणकर्त्ता ( हस्ताक्षर )

*Reviewer (Signature)*

drishti | दृष्टि The Vision

# Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

1. जेम्स वेब टेलीस्कोप में सुदूर अंतरिक्ष (Deep Space) के रहस्यों को उजागर करने की काफी क्षमता है। चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

James Webb telescope has the great potential to unveil the secrets of deep space. Discuss. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

जेम्स वेब टेलीस्कोप हबल टेलीस्कोप का उत्तरवर्ती है जो नासा, कनाडा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के साझा प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है।

यह ब्रह्मांड के अनसुलझे रहस्यों का पता करने हेतु लैग्रांज बिंदु (L2) पर स्थापित किया गया है।

महत्व

- यह ब्रह्मांड के बारे मे मूलभूत समझ को विस्तारित करेगा।
- यह पृथ्वी के गठन के रहस्य को समझने मे सहायता करेगा।
- यह अन्य आकाशगंगाओं का पता लगाने व उन पर जीवन खोज मे सहायता प्रदान करेगा।
- यह पृथ्वी की ओर आने वाले



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

।पिंडों की निगरानी रखने का कार्य करेगा। आदि।

इस प्रकार जेम्स वेब टेलीस्कोप से सुदूर अंतरिक्ष के रहस्यों के साथ ब्रह्मांड की कार्यप्रणाली को समझने में सहायता प्राप्त होगी। इसलिए इसके लाभों को साझा रूप से प्रसारित कर विज्ञान व अनुसंधान के सार्वभौमिकीकरण की दिशा में बढ़ा जाना चाहिए।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

2. आप इस विचार से कहाँ तक सहमत हैं कि "जी.एस.टी. ने अपनी स्थापना के पिछले पाँच वर्षों में इष्टतम परिणाम दिये हैं"? चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10
How far do you agree with the view that "GST, in the last 5 years of its inception has produced optimal outcome"? Discuss. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)


'GST' एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जो देश को 'एक राष्ट्र- एक बाज़ार एक कर' में रूपांतरित करने पर बल देती है। जुलाई 2017 से इसका प्रवर्तन किया गया।

**पिछले 5 वर्षों में परिणाम**

- **करदाता**: 2017→ 63.5 लाख से 2022 में 1.38 लाख
- **मासिक संग्रह**:- FY2020-21: 1.05 लाख करोड़; FY2021-22: 1.24 लाख करोड़; अप्रैल 2022→ 1.68 लाख करोड़
- ई-वे बिल तेज से आवागमन सरल हुआ है व तेल संसाधनों की बचत हुई है।
- निर्यात बढ़ा है क्योंकि 0% GST है।
- कर सरलीकरण हुआ है व कर चोरी पर अंकुश लगा है।
- कैस्केडिंग इफेक्ट समाप्त हुआ है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

→ वित्तीय संघवाद GST परिषद में सर्व-स्वीकृति से निर्णयन में परिलक्षित हुआ है।




इस प्रकार GST के प्रवर्तन को प्रभावी व सुदृढ़ कर देश में कर प्रशासन व 'EODB' को ~~प्र~~ सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

3. औद्योगिक खतरे/आपदाएँ क्या हैं? उनसे संबंधित निवारक उपाय और कानूनी ढाँचा क्या हैं? (150 शब्द) 10

What are industrial hazards? What are the preventive measures and legal framework related to them? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

औद्योगिक खतरे या आपदाएँ उद्योगों के परिसर में होने वाली दुर्घटना है जो व्यापक जान माल की क्षति पहुँचाती है। जैसे- आग लगना, मशीन का गिरना आदि।

औद्योगिक आपदाओं से संबंधित निवारक उपायों एवं कानूनी ढाँचे में निम्न सम्मिलित हैं-

⇒ श्रम संहिता में औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षा संबंधित प्रावधानों को रखा गया है।

⇒ समय-2 पर औद्योगिक परिसरों हेतु निगरानी व समीक्षा तंत्र का प्रावधान है।

⇒ लेबर यूनियनों के माध्यम से श्रमिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का प्रयास है।

⇒ 'लेबर ऑफिसर' आदि जैसे की



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उपास्थित है।

D 'NDMA' के दिशानिर्देशों को प्रख्यापित किया गया है ताकि बचाव व राहत को सुनिश्चित किया जा सके।

**बाधाएँ**
- सुरक्षा उपायों का अभाव।
- प्रभावी प्रवर्तन का अभाव।
- भ्रष्टाचार के कारण समीक्षा व निगरानी का अप्रभावी।
- पर्याप्त पूँजीगत निवेश का अभाव।

अतः औद्योगिक आपदाओं को रोकने हेतु कानून व उपायों का प्रभावी प्रवर्तन किया जाना चाहिए। स्थानीय निकायों की संलग्नता को बढ़ाया जाना चाहिए ताकि जान-माल हानि को न्यूनतम किया जा सके।


Copyright – Drishti The Vision Foundation



4. एकीकृत थिएटर कमांड क्या है? देश की सेनाओं के बीच "संयुक्तता" एकीकृत कमांड से कैसे भिन्न है? इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों की चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

What is Integrated theatre command? How is "jointness" among services different from integrated commands? Discuss the challenges in its implementation. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

'एकीकृत थियेटर कमांड' तीनों सेनाओं का संयुक्त कमांड होता है जिसमें एक कमांडर उसका प्रमुख होता है जो सभी निर्णयों को लेता है।

सेनाओं के मध्य संयुक्तता में "चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ" तीनों सेनाओं के मध्य सहयोग व सामंजस्य को सुनिश्चित करता है। इसमें तीनों सेनाएं भिन्न-2 कमांडर के अधीन होती है व पृथक संसाधनों को रखती है हालांकि एक स्तर के समन्वय में कार्य करती है।

**एकीकृत थियेटर कमांड**
- संसाधनों का दक्ष उपयोग।
- प्रभावी व तीव्र प्रतिक्रिया।
- आदेश की एकता का पालन संभव
- अंडमान-निकोबार, अंतरिक्ष के संदर्भ में गठित।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**चुनौतियाँ**

- इससे थल क्षेत्र को प्रभावी महत्व मिल जाना।
- तकनीकी व वैज्ञानिक प्रगति के कारण विशेषज्ञता की प्राप्ति कठिन हो जाना।
- व्यापक आंतरिक चुनौतियां व संसाधनों का बिखराव होना।
- उच्च सैन्य व्यय व ~~व्यापक~~ तीनों सेनाओं मे समन्वय की चुनौती होना।

इस प्रकार कारगिल समीक्षा समिति, शेकतकर समिति द्वारा 'एकीकृत थियेटर कमांड' की दिशा मे बढ़ने की सिफारिश की गई थी। देश के सीमित सैन्य संसाधनों के कुशल उपयोग व सुरक्षा सुदृढ़ता हेतु व्यापक रणनीति निर्मित करने की दिशा मे बढ़ा जाना चाहिए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

5. भारतीय संसद ने हाल ही में भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022 पारित किया। इस संबंध में विधेयक को पारित करने के पीछे के तर्क और विधेयक के मुख्य प्रावधानों पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Indian Parliament recently passed the Indian Antarctic bill, 2022. In this regard discuss the rationale behind passing the bill and main provisions of the bill. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

हाल मे भारतीय संसद द्वारा भारतीय अंटार्कटिक विधेयक के अधिनियम के माध्यम से अंटार्कटिक अन्वेषण को मूर्त रूप प्रदान किया गया।

**पारित करने के कारण**

- ~~अंटार्क~~ अंटार्कटिक एक 'ग्लोबल कॉमन्स' है।
- भारतीय नागरिकों की गतिविधियों को नियंत्रित व न्यायालय क्षेत्र को विस्तारित करना।
- प्रतिस्पर्धा बढ़ने से वैज्ञानिक अनुसंधान व संसाधनों के संदर्भ मे स्पष्टता लाना।

**प्रमुख प्रावधान**

- यह भारतीय न्यायालयों का अंटार्कटिक क्षेत्र तक भारतीय नागरिक व कंपनियों के संदर्भ मे प्रसार करता है।
- यह एक 'समिति' गठन का प्रावधान



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

करता है जो अंटार्कटिक के संबंध मे विनियमन करेगी। यह पंजीकरण, वैज्ञानिक अनुसंधान, संसाधन खनन आदि मे नियमित करेगी।

→ बिना अनुमति के शोध-अनुसंधान व संसाधनो को लाना एक दंडनीय अपराध बनाया गया है। आदि

भारतीय स्टेशन
- → भारती
- → दक्षिण गंगोत्री। आदि

इस प्रकार अंटार्कटिक अधि० के माध्यम से 'ग्लोबल कॉमन' के संरक्षण व 'शोध-अनुसंधान' को बढ़ावा एवं विनियमित करने का प्रयास किया गया है

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

6. "भंडारित भूजल की कमी की गंभीर प्रकृति और इसके पानी की गुणवत्ता में गिरावट के कारण भूजल के प्रबंधन और शासन के एकीकरण की अधिक आवश्यकता है।" विवेचना कीजिये। (150 शब्द) 10

"Serious nature of depletion of stored groundwater and deterioration of its water quality calls for a greater need for the integration of management and governance of groundwater." Assess. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत विश्व मे भूजल का सबसे अधिक उपयोग करता है। इस कारण भारत मे भूजल का निष्कर्षण इसके पुनर्प्राप्ति से अधिक हो गया है। कुछ शहरो जैसे- शिमला आदि मे भूजल स्तर अत्यंत निम्न हो गया है।

भूजल उपयोग
- → कृषि → 89%
- → उद्योग - 9%
- → पेयजल 2%

भूजल कमी के प्रभाव
- → 'पेयजल सुरक्षा' को खतरा।
- → 'खाद्य सुरक्षा' प्रभावित होना। चूँकि सिंचाई ↓↓
- → भूजल कमी से प्रदूषण मात्रा बढ़ना। जैसे - यूरेनियम, आर्सेनिक, फ्लोराइड आदि से रोग प्रवणता बढ़ना।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

इसीलिए भूजल प्रबंधन व शासन के एकीकरण की अधिक आवश्यकता है ताकि संसाधनों का दक्ष प्रयोग व सुदृढ़ विनियमन किया जा सके।

**आवश्यकता है कि**

- संरक्षण उपचार की दिशा में बढ़ना।
- भूजल नीति को निर्मित व क्रियान्वित करना।
- वर्षा जल संचयन को बढ़ाना ताकि सिंचाई प्रयोजन में उपयोग बढ़ सके।
- भू-जल पुनर्भरण को सुनिश्चित किया जाए।
- जल गहन फसलों के स्थान पर जल दक्ष फसलों को बढ़ावा व MSP तंत्र का युक्तिकरण।
- बिजली सब्सिडी जैसे तंत्रों का युक्तिसंगत बनाना।

"जल है तो जीवन है" को लेकर जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए। इसी के माध्यम से हम SDG सूचकांकों व समावेशी विकास के साथ सुगम जीवन को सुनिश्चित कर पाएंगे।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

7. जीन एडिटिंग और जीन को एडिट करने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों की व्याख्या कीजिये। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इसके क्या अनुप्रयोग है? (150 शब्द) 10

Explain gene editing and the techniques used to edit a gene. What is its application in the healthcare sector? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

जीन एडिटिंग जीन को एडिट कर वांछित परिवर्तन लाने की निर्मित तकनीक है। यह जैव प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व व अनुसंधान स्तर को प्रदर्शित करती है।

**तकनीकि**

- "क्रिस्पर-cas9" → यह संक्रमित DNA खंड को हटाकर रोग उपचार व वांछित परिवर्तन सुनिश्चित करती है।
- GM फसल → यह जीन में परिवर्तन कर वांछित लक्ष्य- जैसे- ताप दक्ष, जल दक्ष, कीट प्रभावित आदि को प्राप्त करने पर बल देती है।

इस प्रकार जीन एडिटिंग एक उभरता हुआ क्षेत्र है जो मानव जीवन को सुगम बनाने की दिशा में उपयोगी अनुप्रयोग है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुप्रयोग

- इसके माध्यम से प्रोजेरिया, अल्झाइमर आदि रोगों का इलाज संभव होगा।
- यह 'वैक्सीन निर्माण' के माध्यम से रोग-प्रतिरोधक्षमता को बढ़ा सकता है।
- भ्रूण असामान्यताओं का निराकरण करने में उपयोगी हो सकती है।

यह एक उभरता क्षेत्र होने के कारण इसमें शोध-अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसी के साथ कार्टाजेना प्रोटोकॉल अनुसार लाभों का समान विभाजन व एक प्रभावी विनियमन तंत्र को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

8. संकट और आपदा प्रबंधन अलग-अलग अवधारणा नहीं हैं, इसलिये इस दिशा में सामूहिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। इस कथन के आलोक में प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रियाओं को कैसे तेज किया जा सकता है? (150 शब्द) 10

Crisis and disaster management are not separate, hence needs a collective response. In the light of this statement, how can the emergency responses of the administration be quickened? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

चूँकि संकट तथा आपदाएं अचानक आने वाली विपत्तियाँ होती हैं जो व्यापक स्तर पर जान-माल को प्रभावित करने की क्षमता रखती है।

चूँकि प्रभाव को सीमित करने हेतु सामूहिक प्रतिक्रिया आवश्यक होती है। सेंडाई फ्रेमवर्क द्वारा भी भागीदारी व सामूहिकता पर बल दिया गया है।

प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रियाओं को तीव्र करने हेतु आवश्यकता

- कर्तव्य विभाजन, कार्यों का स्पष्ट निर्धारण।
- पर्याप्त संसाधन व कार्मिकों की उपलब्धता।
- प्रभावी अवसंरचना तंत्र ताकि गतिशीलता तीव्र हो सके।
- वैज्ञानिक प्रगति को बढ़ाकर पूर्व-



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

नुमान क्षेत्र को प्रभावी बनाना।

- स्थानीय निकायों व लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना।
- मॉक ड्रिल्स आदि के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों में समन्वय को बढ़ावा देना।
- वैश्विक प्रयासों को अंगीकृत करना। राज्यों के मध्य आपातकालीन प्रतिक्रिया हेतु प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना। आदि।

इस प्रकार 'कोविड-19' का यद्यपि प्रबंधन प्रभावी रूप से किया गया परंतु इसको केन्द्र, राज्य, स्थानीय निकायों के और बेहतर समन्वय व सहभागी निर्णयन द्वारा अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में बढ़ना चाहिए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

9. हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के डिजिटलीकरण को मंजूरी दी है। कृषि क्षेत्र के लिये PACS के महत्त्व को बताइये और इसकी कार्यप्रणाली में आने वाले उन परिवर्तनों की व्याख्या कीजिये जो डिजिटलीकरण के कारण महसूस किये जाएंगे। (150 शब्द) 10

Recently Union Cabinet has approved the digitisation of Primary Agricultural Credit Societies (PACS). State the significance of PACS for agriculture sector and explain the change that digitisation would bring in their functioning. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कृषि क्षेत्र में साख के संस्थानीकरण व पहुँच को बढ़ाने हेतु 'प्राथमिक कृषि ऋण समितियों' का गठन किया गया। यह राज्यों द्वारा 'सहकारिता' विषय व विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है।

**कृषि क्षेत्र के लिए PACS का महत्व**
- सस्ता व शीघ्र ऋण प्रदान करना।
- दीर्घकालिक सुधारों को बढ़ावा देना।
- तकनीक अंगीकरण को बढ़ावा देना।

**डिजिटलीकरण से परिवर्तन**
- पहुँच '24×7' होगी।
- 'ई-शासन' के अनुरूप होगा।
- पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा।
- भ्रष्टाचार गतिविधियों व विलंब पर रोक लगना।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**बाधाएँ डिजिटलीकरण में**

- कृषक डिजिटल एवं ज्ञानसाक्षरता का निम्न स्तर
- बिजली व इंटरनेट अवसंरचना का निम्न स्तर।
- आर्थिक संसाधन अपर्याप्तता
- PACS कार्मिकों की अभिवृत्ति

**उपाय**

- भारतनेट का प्रभावी क्रियान्वयन
- सौभाग्य योजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना।
- 'PMGDISHA' कार्यक्रम का विस्तार करना।
- कार्मिकों का अभिवृत्ति परिवर्तन
- प्रभावी पूंजी अंतर्वेशन को बढ़ावा देना।

इस प्रकार डिजिटलीकरण को 'PACS' में अधिक समावेशी, प्रभावी व जन अनुकूल उपायों को स्थापित करके में बढ़ाया जाना चाहिए।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

10. ग्रामीण महिलाएँ भारत के कृषि क्षेत्र के विकास में प्रमुख हितधारक हैं। टिप्पणी कीजिये। (150 शब्द) 10

Rural women are major stakeholders in the growth of agricultural sector of India. Comment. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

'कृषि का नारीकरण' कृषि में ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित करता है। इस कारण महिलाएँ कृषि क्षेत्र विकास में एक प्रमुख हितधारक के रूप में उभर रही हैं।


**प्रमुख हितधारक है क्योंकि**


- ~14% कृषि भूमि स्वामित्व महिलाओं के पास है।
- कृषि श्रमिकों के रूप में उपस्थिति पुरुषों से अधिक है।
- पुरुष शहर प्रवास के कारण विभिन्न कृषि गतिविधियों- बीज बोना, बाजार में भूमिका व्यापक रूप से बढ़ी है।
- महिलाओं की भागीदारी से उत्पादकता व उत्पादन में वृद्धि हुई है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision




इसलिए महिलाओं की कृषि क्षेत्र में भूमिका को 'वैल्यू एडिशन' तक विस्तृत करने की दिशा में बढ़ा जाना चाहिए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

11. उद्योग और बुनियादी ढाँचा क्षेत्र की वित्तीय आवश्यकताओं के लिये दीर्घकालिक ऋण के लिये एक जीवंत कॉर्पोरेट बॉन्ड बाज़ार का विकास होना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इस संबंध में चर्चा कीजिये कि कॉरपोरेट बॉन्ड क्या है और वे विभिन्न कारक कौन-से हैं जो भारत में कॉरपोरेट बॉन्ड बाज़ार के विकास में बाधा डालते हैं। (250 शब्द) 15

Development of a vibrant corporate bond market for long-term debt is crucial for financing requirements of industry and infrastructure sector. In this regard discuss what is corporate bond and various factors which impede the growth of corporate bond market in India. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कॉरपोरेट बांड से आशय कंपनी या निगमों द्वारा जारी किए जाने वाले वित्तीय साधनों से है। जिसके माध्यम से उनके द्वारा धन को जनता या बाजार से आकर्षित किया जाता है। एक निश्चित दर पर ब्याज व समाप्ति पर पूर्ण राशी वापस करनी होती है या कूपन रेट से कम पर विक्रय व कूपन रेट पर खरीद करनी होती है।

कॉरपोरेट बांड बाजार के विकास में बाधा डालने वाले कारक निम्न है -

⇒ सरकार के द्वारा निर्गमित 'G-sec' या ट्रेजरी बांड के कारण कॉरपोरेट बांड्स का "क्राउडिंग आउट" हो जाना।

⇒ अधिक रिस्क होने के कारण लोगों



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

की कम इच्छा।

⇒ कंपनियों की वित्तीय स्थिति के बारे में सही जानकारी का अभाव होना।

⇒ एक रिपोर्ट अनुसार केवल 20% भारतीय ही वित्तीय रूप से साक्षर है।

⇒ कंपनी में कॉरपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के प्रभावी अनुपालन का अभाव।

⇒ धोखाधड़ी जैसी घटनाएं जनविश्वास को हानि पहुंचाती है। जैसे- किंगफिशर मामला।

⇒ कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधाओं के कारण भविष्य के सटीक पूर्वानुमान का अभाव होना। आदि।


यद्यपि LPG पश्चात् निजीकरण व बाज़ार की भूमिका पर बल देने के कारण कॉरपोरेट बॉन्ड क्षेत्र को प्रभावी बनाकर ही कंपनियों की निवेश आवश्यकता का समाधान किया जा सकता है। इस संदर्भ में निम्न


Copyright – Drishti The Vision Foundation



उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

पर बल दिया जाना चाहिए -




इस प्रकार प्रभावी कॉरपोरेट बॉन्ड तंत्र व अन्य आर्थिक सुधार जैसे- लॉजिस्टिक्स आदि के माध्यम से '5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' को प्राप्त करना संभव होगा।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

12. हाइब्रिड युद्ध क्या है और यह कैसे समकालीन एवं भविष्य की सुरक्षा और रक्षा चुनौतियों के संबंध में महत्त्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है? (250 शब्द) 15

What is hybrid warfare and how does it provide key insight into contemporary and future security and defense challenges? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

हाइब्रिड युद्ध एक नया उभरता युद्ध क्षेत्र है जिसमें पारंपरिक युद्ध से भिन्न क्षेत्रों जैसे- अंतरिक्ष, तकनीकी प्रगति आदि के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

अमेरिका, चीन, रूस आदि देशों द्वारा युद्ध के नए क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्ति की दिशा में बढ़ा जा रहा है जिससे 'हाइब्रिड युद्ध' के रूप में प्रकट किया जा रहा है।

**समकालीन व भविष्य की सुरक्षा व रक्षा चुनौतियों हेतु महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि**

- यह देशों के मध्य प्रतिस्पर्धा को प्रेरित कर रहा है।
- यह देशों के मध्य तकनीकी व



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

विशेषज्ञता के आधार पर अंतराल को व्यापक कर रहा है।

- यह 'सैन्य गुट निर्माण' को भविष्य में प्रेरित कर सकता है।
- यह अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों को अस्थिर कर सकता है। क्योंकि एंटीसैटेलाइट मिसाइल, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण का प्रयास किया जाएगा।
- यह महामारियों को बढ़ावा दे सकता है। उदा. - जैविक शस्त्रों के प्रयोग को बढ़ावा देकर।
- यह वित्त, कौशल को सामाजिक आवश्यकताओं से पृथक उपयोग की ओर डायवर्ट कर सकता है। आदि।

इसलिए हाइब्रिड युद्ध के संदर्भ में व्यापक वैश्विक चर्चा व नीतियों का निर्माण व अनुपालन के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र व उसके

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

संस्थाओं की भूमिका को बढ़ाया जाए। इसके साथ ही भारत को 'न्यूनतम निवारक प्रतिरोध' निर्माण या बनाए रखने हेतु नए उभरते क्षेत्रों मे तकनीकी क्षमता व विशेषज्ञता को सुनिश्चित करने की दिशा मे बढ़ा जाना चाहिए ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा व संप्रभुता को बनाए व सुदृढ़ किया जा सके।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation


उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

13. "रोजगार योग्यता और उत्पादकता में सुधार करके गरीबी में कमी को दूर करने के लिये कौशल विकास एक महत्त्वपूर्ण चालक है"। इस कथन के आलोक में भारत को कुशल बनाने में विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख कीजिये। (250 शब्द) 15

"Skill development is an important driver to address poverty reduction by improving employability and productivity ". In the light of this statement mention various challenges in skilling India. (250 words) 15

'भारत कौशल रिपोर्ट 2018' के अनुसार भारत मे 45.9% स्नातक ही रोजगार योग्य है। कुल कार्यबल का 5-6% ही कुशल है जबकि चीन मे यह 23%, जापान मे 80% व दक्षिण कोरिया मे 96% है। यह भारत मे निहित व्यापक कौशल अंतराल दर्शाता है।

चूंकि तकनीकी प्रगति व विशेषज्ञता पर बल के कारण प्रभावी उत्पाद व सेवा प्रदान करने हेतु कौशल विकास एक अनिवार्यता है।






www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**भारत को कुशल बनाने में चुनौतियाँ**

- कार्यक्रमों का अप्रभावी क्रियान्वयन जैसे कौशल भारत मिशन।
- उद्योग-अकादमिक लिंकेज का अभाव
- व्यापक जनसंख्या
- कम वित्तपोषण
- ICT साधनों के प्रभावी प्रयोग का अभाव।
- भारत सरकार समिति अनुसार 6-7% प्रशिक्षण प्राप्त (कौशल भारत मिशन) रोजगार परक है।
- 'स्नातक' में सैद्धांतिक पर आधारित बल, प्रायोगिक परीक्षा/प्रशिक्षण पर कम बल।
- प्रति व्यक्ति कम प्रशिक्षण व्यय
- अनौपचारिक अर्थव्यवस्था 90% होना।
- लैंगिक असमानता

उपरोक्त चुनौतियों के कारण संसाधनों का प्रभावी प्रयोग


Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

बाधित होता है।

**उपाय**

- समीक्षा व निगरानी तंत्र को सुदृढ़ व प्रभावी करना।
- उद्योग-अकादमिक भागीदारी बढ़ाना।
- स्थानीय निकायों की भागीदारी बढ़ाना।
- नए क्षेत्रों व तकनीकों को शामिल करना। जैसे वेब 3.0, उद्योग 4.0, कृत्रिम बुद्धिमत्ता।
- महिलाओं की भागीदारी कार्यक्रमों का बढ़ाना।
- प्रभावी क्रियान्वयन करना।
- समय-समय पर प्रशिक्षण को बढ़ावा देना ताकि कौशल अंतराल उत्पन्न न हो।

इस प्रकार "कौशल भारत" को प्राप्त कर ही जनसांख्यिकीय लाभांश का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित कर सकते हैं जिससे 'समावेशी विकास' व 'SDG' लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित होगी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

14. कृषि वानिकी (Agroforestery) एक लचीली और भविष्य के लिये टिकाऊ कृषि पद्धति है जो जलवायु संकट को प्रभावी ढंग से कम कर सकती है। टिप्पणी कीजिये। (250 शब्द) 15

Agroforestry is a resilient and future proof sustainable agriculture method that could effectively mitigate the climate crisis. Comment. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

'कृषि वानिकी' से तात्पर्य कृषि क्षेत्र मे वनावरण, वृक्षारोपण आदि को बढ़ावा देने से है। उदा०- हर मेड़ पर पेड़। इसके माध्यम से लकड़ी की बढ़ती मांग व वनावरण कवर को बढ़ाया जा सकता है।

चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसमी आपदाओं को बढ़ावा मिल रहा है। जिससे एक तरफ कृषि आय कम हो रही है। वहीं दूसरी तरफ कम वनावरण के कारण $CO_2$ उत्सर्जन को अवशोषित करना कम हो रहा है।

**कृषि वानिकी के लाभ**
- बंजर भूमि का सदुपयोग
- वनावरण ↑↑
- पर्यावरण अनुकूल
- कृषक आय ↑↑
- लकड़ी आयात का कम होना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**चुनौतियाँ**
- एक दीर्घकालिक प्रक्रिया
- पर्याप्त जागरूकता का अभाव।
- वन अधि० 1927 के प्रावधान जो लकड़ी या वृक्ष काटने पर रोक लगाते है।
- सरकारी प्रयासो का अभाव।
- उन्नत गुणवत्ता बीज व अन्य पद्धतियों का अभाव।

इसीलिए 'कृषि वानिकी' को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण के साथ-2 फूल खेती, औषधीय पादप खेती आदि का बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**उपाय/सुझाव**
- वन अधि० के प्रावधानों को युक्तिसंगत बनाना।
- क्षतिपूर्ति फंड (CAMPA) का प्रयोग कृषि वानिकी को बढ़ावा देने व 'निजी वन' विकास को बढ़ावा देना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

- 'मियावाकी वन पद्धति' को अपनाने पर शोध को बढ़ावा देना।
- स्थानीय निकायों को सशक्त व जागरूक कर लोगों के मध्य सूचना अंतराल को समाप्त करना।
- प्रभावी निगरानी व समन्वय तंत्र को स्थापित करना।
- जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में अनुकूलन व शमन रणनीति पर भी बल देना।

इस प्रकार ग्लासगो में "पंचामृत लक्ष्यों" की प्राप्ति में कृषि वानिकी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

15. वेब 3.0 एक ऐसा विकेंद्रीकृत और निष्पक्ष इंटरनेट प्रदान करेगा जहाँ उपयोगकर्ता अपने स्वयं के डेटा को नियंत्रित कर सकते हैं। उपरोक्त कथन के आलोक में यह समझाइये कि वेब 3.0 क्या है और वेब 3.0 से जुड़े लाभों और चुनौतियों पर भी चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15

Web 3.0 will deliver a decentralized and fair internet where users can control their own data. In the light of the above statement, Explain what is Web 3.0 and also discuss its advantages and challenges associated with web 3.0. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

'वेब 3.0' एक विकेंद्रीकृत व निष्पक्ष इंटरनेट प्लेटफार्म है जो इसके उपयोगकर्ता को स्वतंत्र रूप से अपने डेटा को स्थापित करने, प्रसंस्कृत करने व प्रसारित करने हेतु एक मंच प्रदान करता है।

इस प्रकार 'वेब 3.0' व्यक्ति को एक 'डिजिटल विश्व' प्रदान करने या स्थापित करने का प्रयास करता है। जिसमें सभी अपने डेटा व संसाधनों के मालिक है।

आवश्यक तकनीक
- ब्लॉकचेन तकनीक।
- उच्च इंटरनेट गति।
- उच्च बौद्धिकता स्तर या क्रिप्टोग्राफिक पद्धतियाँ।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**वेब 3.0 लाभ**

- व्यक्ति की उसके संवेदनशील डेटा व उसके प्रयोग पर संपूर्ण पहुँच
- डेटा का साझीकरण करता है।
- रचनात्मकता, नवाचार को बढ़ावा देना।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा।
- उच्च कौशल, उच्च आय को बढ़ावा देना।
- समानता को बढ़ावा चूँकि लैंगिक बाधाओं को दूर कर निष्पक्ष व्यवहार।

**चुनौतियाँ**

- डिजिटल व इंटरनेट अवसंरचना का निम्न स्तर।
- अभी प्रारंभिक चरण में है।
- डिजिटल व कौशल अंतराल को व्यापक करेगा।
- निगरानी तंत्र का अभाव।
- उच्च निवेश आवश्यकता
- अभिजात्य वर्ग को लाभान्वित।
- कानूनी प्रावधान ही अस्पष्ट चूँकि यदि अपराध होता तो क्या प्रक्रिया होगी।
- जागरूकता व समझ का निम्न स्तर





Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**उपाय/सुझाव**

- डिजिटल व इंटरनेट ढाँचा ↑↑
- डिजिटल जागरूकता ↑↑
- तकनीकी प्रशिक्षण व ज्ञान ↑↑ (eg, ब्लॉकचेन, AI आदि)
- निवेश ↑↑
- शोध व नवाचार क्षमता ↑↑ (वेब 3.0) पर। आदि।

इस प्रकार 'वेब 3.0' एक नई डिजिटल दुनिया का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इसीलिए इसके प्रति एक व्यापक नीति व चर्चा की आवश्यकता है ताकि इसके लाभों को समावेशी रूप से बढ़ावा दिया जा सके।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517


Copyright – Drishti The Vision Foundation

16. वामपंथी उग्रवाद कमज़ोर तो हुआ है लेकिन चुनिंदा क्षेत्रों में इसकी ताकत कम नहीं हुई है। इस कथन का परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 15

The left-wing extremism insurgency has weakened but its potency in selected areas has not reduced. Examine. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वामपंथी उग्रवाद भारत के पूर्व, मध्य व दक्षिण मे माओवाद के दर्शन पर आधारित एक प्रमुख आंतरिक सुरक्षा चुनौती है। यद्यपि नीति आयोग व गृह मंत्रालय रिपोर्ट के अनुसार इसके क्षेत्र, इसके प्रभाव व संबंधित मृत्यु आंकडों मे कमी आई है। जिससे यह सिकुड़ता प्रतीत हो रहा है।




**कमजोर होने के कारण**
- कोविड-19 के कारण लॉकडाउन ने वित्त व हथियार पहुँच बाधित की।
- 'समाधान' रणनीति पर बल
- द्वैध रणनीति → 'विकास', प्रभावी सिपयान
- ग्रे-हाउंड्स जैसे बल (आंध्र प्रदेश)
- केन्द्र-राज्य व अंतर-राज्यीय समन्वय बेहतर होना।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उपरोक्त कारणों के कारण इसका प्रभाव क्षेत्र सीमित हुआ है, आत्म-समर्पण बढ़ा है, क्षेत्र मे विकास-भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के कारण लोगों को प्रभावित करने की नक्सलियों या वामपंथियों की क्षमता मे कमी आई है।

परंतु अभी भी इसका प्रसार गंभीर रूप से छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के लगभग 50 जिलों मे है तथा 'अरबन वामपंथ' एक नई चुनौती के रूप मे प्रकट हो रहा है।

**ताकत कम न होने के कारण**
- चीन जैसे देशों द्वारा हथियार व धन मुहैया करना।
- ICT तंत्र ने प्रशिक्षण प्राप्ति सरल की है।
- अभी भी समस्या बलों के साथ मुठभेड़ जारी है।

इसी कारण वामपंथी उग्रवाद को प्रभावी रूप से शासित करने की



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

आवश्यकता है।

**उपाय**

**विकासात्मक**

- भौतिक विकास उदा- स्कूल, अस्पताल।
- प्रशिक्षण योजनाओं द्वारा कौशल विकास
- आकांक्षी जिला व ब्लॉक कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन
- 'आत्मसमर्पण पैकेज' पर बल।
- औद्योगिकरण व शहरीकरण हेतु प्रोत्साहन प्रदान करना।

**रक्षात्मक**

- प्रभावी सुरक्षा बल प्रशिक्षण
- उन्नत हथियार व प्रौद्योगिकी प्रयोग पर बल
- ग्रे-हाउंड्स, कोबरा जैसे विशिष्ट बलों को बढ़ावा देना।
- राज्य पुलिस तंत्र के साथ प्रभावी समन्वय तंत्र पर बल देना।

इसलिए वामपंथी उग्रवाद हेतु विकास का स्तर बढ़ाकर SDG लक्ष्यों की क्षेत्र में प्राप्ति की दिशा में बढ़ना चाहिए।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti दृष्टि The Vision

17. एक विनिर्माण क्षेत्र के रूप में भारत को पसंदीदा गंतव्य बनाने में मजबूत लॉजिस्टिक्स क्षेत्र कारगर सिद्ध हो सकता है, हालाँकि कई चुनौतियाँ इसमें बाधाओं के रूप में काम कर रही हैं। टिप्पणी कीजिये। (250 शब्द) 15

A robust logistics sector can go a long way in boosting India's quest for being a manufacturing giant however, multiple challenges continue to weigh it down. Comment. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

'राष्ट्रीय विनिर्माण नीति 2011' के अनुसार भारत की GDP में विनिर्माण का योगदान 2022 तक 25% करना था जिसको प्राप्त करने में भारत असफल रहा। जिसका प्रमुख कारण उच्च लॉजिस्टिक लागत (~14%) है।

भारत में विनिर्माण क्षेत्र GDP का लगभग 16-17% पर स्थिर है। लॉजिस्टिक लागत भी वैश्विक औसत (GDP के 10%) से काफी उच्च है।

**मजबूत लॉजिस्टिक क्षेत्र विकास में बाधाएँ**

- अपर्याप्त भंडारण अवसंरचना,
- अवसंरचना प्रणाली का विखंडित होना।
- समयसाध्य होना। उदा- बंदरगाहों पर क्लियरेंस में अधिक समय लगना।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

- विभिन्न परिवहन मॉडलों में समन्वय का अभाव।
- तकनीक प्रयोग की निम्न स्थिति।
- वित्तपोषण का अभाव या कमी। उदा- भारत को 2025 तक अवसंरचना हेतु '1.4 t $' निवेश आवश्यकता है।
- विशेषज्ञता का अभाव।

प्रेरक कारक
- जनसंख्या का बड़ा आकार
- बड़ा बाज़ार
- उच्च संवृद्धि संभावना

इसलिए लॉजिस्टिक क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता है जिनमें से कुछ पर सरकार द्वारा बल भी दिया जा रहा है।

लॉजिस्टिक अवसंरचना हेतु प्रयास
- सागरमाला व भारत-माला।
- माल भाड़ा गलियारा
- औद्योगिक गलियारों का निर्माण



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation



उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

- 'गतिशक्ति प्लान'
- मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट पर बल
- जलमार्ग परिवहन का विकास पर बल
- 'ICEGATE' प्लेटफॉर्म
- GST प्रवर्तन जिससे आवागमन सुगम होगा। उदा- e-way bill system.

उपाय
- कार्यक्रमों का प्रभावी प्रवर्तन
- निवेश को सुगम/बढ़ावा देना
- प्रक्रिया सरलीकरण
- कौशल विकास को सुनिश्चित करना।
- निजी क्षेत्र भागीदारी को बढ़ावा। उदा- 'PPP'

इस प्रकार प्रभावी लॉजिस्टिक क्षेत्र न केवल विनिर्माण क्षेत्र को गति देगा बल्कि सेवा क्षेत्र जैसे- पर्यटन आदि को भी सुगम कर 5 ट्रिलियन डॉलर स्तर को पहुँचने में सहायक होगा।




www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

18. 'गोल्डन ट्राएंगल' और 'गोल्डन क्रीसेंट' जैसे ड्रग उत्पादक क्षेत्रों से निकटता ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। टिप्पणी कीजिये। (250 शब्द) 15

Proximity to the Drugs producing region of Golden Triangle and Golden Crescent has made India's national security vulnerable. Comment. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ड्रग तस्करी एक संगठित अपराध क्षेत्र है जो देश के मानव संसाधन व राष्ट्रीय सुरक्षा को व्यापक रूप से प्रभावित करता है।




गोल्डन त्रिकोण व क्रीसेंट के माध्यम से भारत में ड्रग तस्करी की जाती है जो भारत के विभिन्न हिस्सों में पहुंचती है और अफ्रीका जैसे देशों में भी भारत से होकर




Copyright – Drishti The Vision Foundation



पहुंचाई जाती है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना**
- मानव संसाधनों की क्षति।
- संगठित अपराध को बढ़ावा मिलना।
- प्राप्त आय का हथियार आयात, अफवाह फैलाने में उपयोग।
- पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों द्वारा भारत को अस्थिर करने हेतु विदेश नीति के रूप में प्रयोग किया जाना। उदा॰- पंजाब सीमा के पास ड्रोन के माध्यम से ड्रग्स गिराया जाना।
- आतंकवाद प्रसार को बढ़ावा देता है।
- लोन वुल्फ अटैक हेतु सुभेद्य। (ड्रग्स सेवन करने वाले)
- सीमा प्रबंधन चुनौतीपूर्ण होना। भूमि छिद्रिल सीमाएं होना।

**उपाय**
- ड्रग्स (नारकोटिक्स आधि॰-1985) का अधिनियमन व प्रवर्तन
- नारकोटिक्स ब्यूरो की स्थापना।
- एयरपोर्ट्स, बंदरगाहों पर चौकसी बढ़ाया जाना।





Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## आवश्यक कदम

- 'ड्रग्स' को लेकर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाना।
- जागरूकता को बढ़ावा देना, दीर्घकालिक प्रभावों का प्रसार करना।
- केन्द्र - राज्य - नागरिक समाज की भागीदारी को बढ़ावा।
- कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करना।
- आसूचना तंत्र को सुदृढ़ करना।
- पड़ोसियों के साथ सहयोग को सुदृढ़ करना। उदा. -म्यांमार, नेपाल, बांग्लादेश।
- सीमा प्रबंधन को सुदृढ़ करना।




प्रभावी बल प्रबंधन
उदा० - CIBMS

इसीलिए ड्रग उत्पादक क्षेत्रों से ड्रग्स की तस्करी को रोकने हेतु कानूनी व सुरक्षा उपायों के साथ-2 जनता में 'एंटी ड्रग कैम्पेन' को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

19. पिछले हाल के वर्षों में डेटा स्थानीयकरण भारत में एक महत्त्वपूर्ण नीतिगत मुद्दा बन गया है। इस संबंध में डेटा स्थानीयकरण की अवधारणा और इसके महत्त्व पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15

Data localization has become a significant policy issue in India in the last recent years. In this regard discuss the concept of data localization and its importance. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

डेटा स्थानीयकरण से तात्पर्य भारत में प्राप्त डेटा को भारत में ही भंडारित, प्रसंस्करित करने पर बल देना है। ताकि स्थानीय डेटा का बिना अनुमति वैश्वीकरण को रोका जा सके।

चूँकि डेटा ज्ञान आधारित समाज निर्माण हेतु एक महत्वपूर्ण आगत है। इसीलिए एक प्रभावी डाटा उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु डेटा स्थानीयकरण पर बल देना आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान में अधिकांश डिजिटल कंपनियों द्वारा डेटा को विदेशों में स्थित सर्वरों में स्टोर किया जाता है। इसीलिए 'RBI' व भारत सरकार द्वारा भारत में प्राप्त वित्तीय व अन्य डेटा को भारत में भंडारित व संसाधित करने की नीति पर बल दिया जा रहा है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## डेटा स्थानीयकरण का महत्व

- इससे देश मे निर्मित डेटा देश मे ही भंडारित व संसाधित होगा।
- 'साइबर सुरक्षा' सुनिश्चित होगी।
- डेटा का अनियंत्रित उपयोग पर अंकुश लगेगा।
- 'डेटा संप्रभुता' को सुनिश्चित किया जा सकेगा।
- 'डिजिटल इंडिया मिशन', नीति निर्माण (डेटा आधारित) आदि सुनिश्चित होगा।
- वित्तीय व संवेदनशील डेटा पर सरकार या कानूनी नियंत्रण नागरिकों के निजता के अधिकार को संरक्षित करेगा।
- 'डेटा' का उपयोग भारतीयों के अवैध प्रोफाइलिंग स्नूपिंग व उसको विक्रय किए जाने को विदेशों मे रोकेगा। आदि।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**चुनौतियाँ/बाधाएं**

- निवेश को हतोत्साहित कर सकता है।
- ओसाका ट्रैक के विरुद्ध है जो फ्री फ्लो ऑफ डेटा पर बल देता है।
- उपकरणों हेतु आयात पर निर्भरता।
- सर्वर स्थापना हेतु उच्च निवेश आवश्यकता

इसलिए एक व्यापक नीति व सकारात्मक प्रोत्साहन व्यवस्था के साथ 'डेटा स्थानीयकरण', 'डेटा संरक्षण कानून' व नीति निर्माण व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्वदेशी निर्माण की दिशा मे बढ़ा जाना चाहिए।



Copyright – Drishti The Vision Foundation


drishti | दृष्टि The Vision

20. तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या जलवायु परिवर्तन की चिंताओं और साथ में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर भारत के लिये खाद्य सुरक्षा को एक प्रमुख नीतिगत प्राथमिकता बनाना अनिवार्य है। (250 शब्द) 15

Given the rapidly growing population, and climate change concerns, accompanied by the COVID-19 pandemic; it is imperative for India to make food security a core policy priority. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत एक विशाल जनसंख्या (~140 करोड़) वाला देश है। यह वैश्विक क्षेत्रफल का 2.4% व जनसंख्या का 17% है। इस में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है।





www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision


यद्यपि स्वतंत्रता के समय भारत का खाद्यान्न स्तर निम्न था और एक खाद्य आयातक देश के रूप में था तथापि 1990 के बाद से भारत 'शुद्ध कृषि खाद्य निर्यातक' बना हुआ है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

प्रयास/कदम
- हरित क्रांति व MSP की
- सिंचाई का विस्तार करना (~48% कृषि क्षेत्र)
- कृषि ऋण पहुँच बढ़ाना। ('PSL' में शामिल करना।)
- 'PDS', 'NFSA' 2013

चूँकि खाद्य सुरक्षा आगामी दशक में भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति प्रकट करेगी। वैश्विक भूख सूचकांक 2021 में भारत को 101वाँ स्थान व 'गंभीर भुखमरी' श्रेणी में रखा गया है। इसलिए खाद्य सुरक्षा समक्ष विद्यमान चिंताओं को नीतिगत प्राथमिकता प्रदान कर उनका समाधान आवश्यक है, इस संदर्भ में निम्नलिखित सुझावों या उपायों को अपनाया जा सकता है -


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation




उपरोक्त उपायों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन व 'कोविड-19' बाधाओं का निराकरण कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर 'SDG-1' व 'SDG-2' की प्राप्ति को 2030 तक सुगम बना सकते हैं।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

**Space for Rough Work**
**( रफ कार्य के लिये स्थान )**



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation